## संक्षेप में

### अक्षय ऊर्जा में 100 अरब येन लगाएगी सुमितोमो

टोक्यो की सुमितोमो कॉरपोरेशन नई दिल्ली की एएमपीआईएन एनर्जी ट्रांजिशन के साथ मिलकर भारत में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण के लिए 100 अरब येन का निवेश करेगी। इसके लिए दोनों कंपनियों ने संयुक्त उद्यम एएमपीआईएन सीऐंडआई पावर प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। यह संयुक्त उद्यम वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीऐंडआई) ग्राहकों की हरित ऊर्जा आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करेगा और उसका इरादा एक गीगावॉट क्षमता का निर्माण करना है। इसके साथ ही, विभिन्न धातु और विनिर्माण क्षेत्र में उपस्थिति रखने वाली वैश्विक व्यापारिक कंपनी सुमितोमो कॉरपोरेशन देश में कॉर्पोरेट ग्राहकों को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त बिजली की आपूर्ति करने के लिए भारत में प्रवेश करेगी। *बीएस*

### चीन ने पीडब्ल्यूसी पर लगाया प्रतिबंध, जुर्माना

चीन ने धराशायी हो चुकी रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रांडे के ऑडिट में संलिप्त रही लेखा कंपनी पीडब्ल्यूसी पर छह महीने का प्रतिबंध लगाने के साथ उस पर 40 करोड़ युआन (5.64 करोड़ डॉलर) से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। यह चीन में काम करने वाली किसी भी अंतरराष्ट्रीय लेखा कंपनी के खिलाफ अब तक की सबसे कड़ी कार्रवाई है। इस निर्देश के मुताबिक पीडब्ल्यूसी पर छह महीने तक चीन में किसी भी कंपनी के वित्तीय नतीजे पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगी रहेगी। *भाषा*

# नजारा लेगी मूनशाइन में हिस्सा

## मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 982 करोड़ रुपये में बड़ी हिस्सेदारी खरीदेगी नजारा टेक्नोलॉजिज

**शिवानी शिंदे**
मुंबई, 13 सितंबर

नजारा टेक्नोलॉजिज ने देसी गेमिंग क्षेत्र के सबसे बड़े विलय एवं अधिग्रहण (एमऐंडए) सौदों में एक के तौर पर पोकरबाजी की मूल कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एमटीपीएल) में 982 करोड़ रुपये में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। इस खबर के बाद सूचीबद्ध गेमिंग ऐंड मीडिया प्रौद्योगिकी फर्म के शेयर की कीमत इंट्रा डे कारोबार के दौरान 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,059.45 रुपये पर पहुंच गई थी। कारोबार के अंत में कंपनी का शेयर 4.3 फीसदी चढ़कर 1,050.4 रुपये पर बंद हुआ।

नजारा द्वितीयक लेनदेन के जरिये 832 करोड़ रुपये में मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 47.7 फीसदी हिस्सा खरीदेगी। कंपनी अनिवार्य परिवर्तनीय तरजीही शेयर के जरिये मूनशाइन में 150 करोड़ रुपये की पूंजी भी लगाएगी। रॉस टेक्नोलॉजिज, बाजी नेटवर्क्स, बाजी गेम्स और एसबीएन गेमिंग नेटवर्क जैसी चार सहायक कंपनियों की एमटीपीएल होल्डिंग कंपनी भी है। बाजी नेटवर्क ने पोकरबाजी का संचालन करती है, जो देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन पोकर प्लेटफॉर्म है और यह मूनशान के शुद्ध राजस्व में भी 85 फीसदी से ज्यादा का योगदान देता है। वहीं, इसके फैंटसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्स बाजी से कंपनी को 12 फीसदी राजस्व मिलता है। इस साल मई तक पोकरबाजी के पास 3.40 लाख से अधिक सक्रिय मासिक उपभोक्ता थे।



■ द्वितीयक लेनदेन के जरिये 832 करोड़ रुपये में मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 47.7 फीसदी हिस्सा खरीदेगी नजारा

■ 150 करोड़ रुपये की प्राथमिक पूंजी भी लगाएगी कंपनी

नजारा टेक्नोलॉजिज के मुख्य कार्य अधिकारी नीतीश मित्रसेन ने कहा, 'मूनशाइन टेक्नोलॉजी में यह निवेश देश के प्रमुख गेमिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर नजारा की स्थिति को मजबूत करने की हमारी यात्रा को दर्शाता है। पोकरबाजी न केवल भारत में ऑनलाइन पोकर गेमिंग के शीर्ष प्लेटफॉर्म के तौर पर उभरा बल्कि उपयोगकर्ता जुड़ाव, नवोन्मेष और पूरे अनुभव में नए मानक भी स्थापित किए हैं।'

हाल के दिनों में नजारा कंपनियों की अधिग्रहण की होड़ में है क्योंकि कंपनी अब कौशल वाले ऑनलाइन गेमिंग खंड में अपनी स्थिति मजबूत कर रही है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के अपने सालाना रिपोर्ट में कहा है कि वह अगले दो वर्षों के दौरान एमऐंडए में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसका मकसद दुनिया भर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के साथ भारत में गेम खेलने वालों की बढ़ती तादाद का लाभ उठाना है। कुछ दिन पहले ही नजारा ने 18.4 करोड़ रुपये में ईस्पोर्ट्स कम्युनिटी प्लेटफॉर्म जेटस्टैन टेक्नोलॉजिज में 15.86 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की थी। नजारा के तीन कारोबार खंड हैं, जिसमें गेमिंग, ईस्पोर्ट्स और एडटेक शामिल हैं। इनमें से कंपनी का 55 फीसदी राजस्व ईस्पोर्ट्स से मिलता है और 36 फीसदी राजस्व गेमिंग और 9 फीसदी राजस्व एडटेक से मिलता है।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने गेमिंग क्षेत्र में चार अधिग्रहण की घोषणा की थी। गेमिंग खंड में नजारा ने बच्चों के ऐप किडोपिया के डेवलपर और पब्लिशर पेपर बोट ऐप्स में 300 करोड़ रुपये में 48.42 फीसदी हिस्सा खरीदा था। कंपनी ने ब्रिटेन की गेमिंग स्टूडियो फ्यूजबॉक्स गेम्स का भी अधिग्रहण किया। ईस्पोर्ट्स खंड में अपनी सहायक कंपनी नोडविन के जरिये इसने यूरोपियन ईस्पोर्ट्स कंपनी फ्रिक्स 4यू गेम्स का अधिग्रहण किया। नजारा की सहायक कंपनी स्पोर्ट्स कीड़ा ने 7.5 करोड़ रुपये में डेल्टिया गेमिंग का अधिग्रहण किया।

## रणनीतिक सहयोग साझेदारी

# जेपी हेल्थकेयर में 64% हिस्सा लेगी मैक्स हेल्थकेयर

**संकेत कौल**
नई दिल्ली, 13 सितंबर



**विस्तार की तैयारी**

■ दिवालिया कंपनी में हिस्सा लेने के लिए 1,660 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर हुआ सौदा

■ उत्तर भारत में पांव पसारने में मैक्स को मिलेगी मदद

■ नोएडा में 18 एकड़ भूखंड पर बने अस्पताल में 500 बेड की क्षमता है और फिलहाल वहां 376 बेड परिचालन में हैं

■ बुलंदशहर में 5.75 एकड़ भूखंड पर बने अस्पताल में है 200 बेड की क्षमता

दिल्ली के प्रमुख अस्पताल मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने आज जेपी हेल्थकेयर (जेएचएल) में 64 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए लक्षदीप समूह के साथ रणनीतिक सहयोग साझेदारी की घोषणा की। जेएचएल फिलहाल कॉर्पोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रही है। यह सौदा 1,660 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर आधारित है।

कंपनी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा, 'अनुबंध के तहत मैक्स हेल्थकेयर जेपी हेल्थकेयर के ऋणदाताओं के स्वीकार किए दावों के भुगतान के लिए कर्ज की व्यवस्था करेगा और शेष हिस्सेदारी के लिए कॉल ऐंड पुट विकल्प के साथ कंपनी की 64 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए प्रस्ताव देगा।'

जेएचएल का वित्त वर्ष 2023-24 में 421 करोड़ रुपये का राजस्व और 70 करोड़ रुपये का एबिटा था। अनुमान है कि जेएचएल का कुल ऋण (ब्याज सहित) करीब 1,000 करोड़ रुपये है। अधिग्रहण के वास्ते रकम जुटाने के लिए मैक्स हेल्थकेयर एक अंतरिम समझौते के तौर पर जेएचएल में मौजूदा ऋण को चुकाने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से करीब 1,000 करोड़ रुपये का अल्पकालिक ऋण जुटाएगी।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने इस साल 12 सितंबर को अपने आदेश में लक्षदीप समूह और जेएचएल के ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के बीच समझौते को मंजूरी दे दी थी।

शुक्रवार को बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर मैक्स हेल्थकेयर का शेयर 0.57 फीसदी लुढ़ककर 90.74 रुपये पर बंद हुआ।

कंपनी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है, 'रणनीतिक सहयोग समझौते के तहत होने वाले इस लेनदेन और वित्तीय ऋणदाताओं से जेएचएल की हिस्सेदारी की खरीद शामिल है, एनसीएलएटी द्वारा तय की गई योजना के अनुरूप अगले 30 दिनों में पूरी हो जाएगी।'

इस अधिग्रहण पर मैक्स हेल्थकेयर के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अभय सोई ने कहा कि नेटवर्क में जेएचएल का जुड़ना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक मजबूत उपस्थिति बनाने की हमारी यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। यह एक ऐसा क्षेत्र हैं जहां न केवल 4.6 करोड़ लोग रहते हैं बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एक आर्थिक केंद्र के तौर पर आकार देने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कंपनी ने हाल ही में निवेशकों को बताया था कि यह कवायद मैक्स हेल्थकेयर के अगले चार वर्षों में करीब 3,500 बेड जोड़ने की विस्तार योजना के अनुरूप है। प्रस्तावित अधिग्रहण से मैक्स को उत्तर भारत में पांव पसारने में मदद मिलेगी, क्योंकि फिलहाल उसके पास उत्तर प्रदेश में तीन अस्पताल ही हैं, जिनमें से नोएडा और बुलंदशहर में दो अस्पतालों का परिचालन हो रहा है। नोएडा के

अस्पताल में 500 बेड की क्षमता है और फिलहाल वहां 376 बेड परिचालन में हैं और बुलंदशहर में 200 बेड परिचालन में हैं। तीसरा अस्पताल अनूपशहर में है, जो अभी परिचालन में नहीं है और वहां 100 बेड की क्षमता है। मैक्स हेल्थकेयर का फिलहाल देश भर में 4,300 बेड परिचालन में है।

मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा, 'इस अधिग्रहण से मैक्स के नेटवर्क में तत्काल 576 बेड जुड़ जाएंगे। साथ ही आगे भी विस्तार की योजना बनेगी।'

# ईकॉम एक्सप्रेस ने दिए गलत आंकड़े: डेलिवरी

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 13 सितंबर

**लॉजिस्टिक** क्षेत्र की कंपनी डेलिवरी ने आरोप लगाया है कि आईपीओ की तैयारी में जुटी उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनी ईकॉम एक्सप्रेस ने आपीओ के अपने मसौदा दस्तावेज (डीआरएचपी) में दोनों कंपनियों की कारोबारी पैमाइश से संबंधित आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया है। उसने कहा कि ये आंकड़े खेप की मात्रा, , सर्विस एबिटा और प्रति खेप लागत जैसे पैमाइश से संबंधित है।

सॉफ्टबैंक के निवेश वाली पहले से सूचीबद्ध कंपनी डेलिवरी ने कहा कि डीआरएचपी में तुलना के लिए उसकी जानकारी का गलत तरीके से उपयोग किया गया है। ईकॉम एक्सप्रेस ने कहा कि इसने वित्त वर्ष 24 में 51.441 करोड़ खेप भेजी थीं, जबकि डेलिवरी ने इस अवधि के दौरान 74 करोड़ पैकेज का संचालन किया था। हालांकि शुक्रवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में डेलिवरी ने आरोप लगाया कि यह तुलना त्रुटिपूर्ण थी। उदाहरण के लिए डेलिवरी किसी खेप को केवल एक खेप मानती है, भले ही वह गंतव्य तक न पहुंचा हो और मूल स्थान पर लौटा हो। लेकिन प्रतिस्पर्धी (ईकॉम एक्सप्रेस) इसे दो खेप के रूप में गिनती है क्योंकि आने-जाने वाले परिवहन का बिल अलग-अलग होता है।

**पंजीकृत कार्यालय :** 601 व 602, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, 6वीं मंजिल, टॉवर ए, सेनापति बापट मार्ग, लॉअर परेल, मुंबई 400 013

DCB BANK

**सार्वजनिक सूचना**
**आभूषण सूचना सह आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित ऋणियों को डीसीबी बैंक लि. (डीसीबी बैंक) के साथ गिरवी आभूषणों के लिए डीसीबी बैंक लि. से उनके द्वारा ली गई सुविधा के पूरे बकाया का भुगतान करने के लिए सूचनाएं जारी की गई थी। हम गिरवी आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाधित है क्योंकि वे पूरे देयों का भुगतान करने में असफल रहे हैं। डीसीबी बैंक लि. बिना किसी पूर्व सूचना के खाते(ओं)/नीलामी तिथि(यों)को बदलने के लिए प्राधिकृत है। नीलामी 21.09.2024 व 23.09.2024 को दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक https://gold.Samil.in के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ग्राहक आईडी/सं. | ग्राहक का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 104931765 | मनीष पुरोहित | इंदौर |
| 2 | 105649357 | शुभम मंदार | इंदौर |
| 3 | 101876308 | संदीप बदकूर | पिपारिया |
| 4 | 101858522 | अजीम खान | राला |

इस प्रकाशन के द्वारा, संबंधित ऋणियों/गिरवीकर्ताओं को निर्धारित नीलामी तिथि से पहले तुरंत और कैसे भी सभी ब्याज व शुल्कों के साथ पूर्ण में पूरी राशि का भुगतान करने के लिए अंतिम सूचना व आखिरी अवसर दिया जाता है, असफल होने पर आभूषणों की नीलामी की जाएगी। निर्धारित नीलामी तिथि पर उच्चतम बोलीदाता को नीलाम न किए जाने वाले मदों की बिना किसी सूचना के किसी अन्य तिथि पर नीलामी की जाएगी। नीलामी के भाग लेना और बोली को स्वीकार करना डीसीबी बैंक के स्वयं के निर्णय पर होगा।
कृपया ध्यान दें कि नीलामी ''जहां है जैसी है'', ''जो है जैसी है'', ''जैसी भी है'' और ''नो रिकोर्स'' के आधार पर की जाएगी और डीसीबी बैंक आभूषण या उसकी नीलामी से संबंधित किसी भी तरीके के दावे, विवाद या विरोध के लिए उत्तरदायी या जिम्मेदार नहीं होगा। बोलीदाता नीलामी में भाग लेने के लिए विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://gold.Samil.in देख सकते हैं।

हस्ता./—
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड

**दिनांक : 14.09.2024**

# यात्री वाहनों में आया उतार और बढ़े दोपहिया के सवार

**अंजलि सिंह**
मुंबई, 13 सितंबर

**भारतीय** वाहन निर्माताओं के संगठन (सायम) ने अगस्त के वाहन बिक्री के आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि यात्री वाहनों की बिक्री में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई और पिछले महीने एक साल पहले के मुकाबले 1.8 फीसदी कम होकर 3,52,921 गाड़ियां बिकीं। इससे पहले जुलाई में 2.5 फीसदी की गिरावट आई थी, जो इस वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में हुई 3 फीसदी वृद्धि के बाद की गिरावट दर्शाती है।

इसके विपरीत, दोपहिया वाहनों की श्रेणी में एक साल पहले के मुकाबले अगस्त में 9.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई और पिछले महीने 17,11,662 दोपहिया वाहन बिके। इससे पहले चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 20.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी और जुलाई में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 12.5 फीसदी का इजाफा हुआ था, जो बताती है कि घरेलू बाजार में दोपहिया की दमदार मांग बनी हुई है।

**अगस्त में बिके वाहन**

| घरेलू बिक्री | साल 2023 | साल 2024 | बदलाव* |
|---|---|---|---|
| यात्री वाहन | 3,59,228 | 3,52,921 | -1.80% |
| दोपहिया वाहन | 15,66,594 | 17,11,662 | 9.30% |
| तिपहिया वाहन | 64,944 | 69,962 | 7.70% |

नोटः बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, जेएलआर और वॉल्वो ऑटो के आंकड़े शामिल नहीं हैं *(सालाना आधार पर, फीसदी में) स्रोतः सायम

तिपहिया वाहन श्रेणी में भी सकारात्मक रफ्तार बरकरार है और पिछले साल अगस्त के मुकाबले इस साल अगस्त में इसकी बिक्री में 7.7 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले महीने 69,962 तिपहिया वाहन बिके थे। पहली तिमाही में तीन पहिया वाहनों की बिक्री में 14.2 फीसदी की वृद्धि हुई थी और जुलाई में बिक्री में 5.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी।

सायम के मुताबिक इस साल अगस्त में यात्री वाहन, दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों का कुल उत्पादन 24.9 लाख गाड़ियां रहा। केंद्र सरकार द्वारा त्योहारों से पहले हाल में शुरू की गई पीएम ई-ड्राइव और पीएम-ईबस सेवा जैसी योजनाओं के शुरू होने से उद्योग को उम्मीद है कि वाहनों की मांग में वृद्धि होगी।

वाहनों की बिक्री के प्रदर्शन पर सायम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, 'इस साल अगस्त में पिछले साल के मुकाबले यात्री वाहनों की बिक्री में 1.8 फीसदी की गिरावट आई है। मगर दोपहिया वाहनों की बिक्री 9.3 फीसदी और तिपहिया की बिक्री 7.7 फीसदी बढ़ी है। आगे चलकर त्योहारी सीजन के साथ पीएम-ईड्राइव और पीएम-ईबस सेवा जैसी सरकारी योजनाओं की पहल से मांग को और बल मिलेगा।'

# फोर्ड करेगी भारत में वापसी

पृष्ठ 1 का शेष

**आखिरकार** मुख्यमंत्री स्टालिन के अमेरिका दौरे पर बात बन गई। मुख्यमंत्री ने फोर्ड के शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार कंपनी की वापसी में अपनी तरफ से पूरा सहयोग देगी। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि राजा के लगातार प्रयासों और व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद फोर्ड सकारात्मक निर्णय ले सकी।

चेन्नई में फोर्ड का संयंत्र 350 एकड़ में फैला हुआ है । वहां सालाना 2 लाख वाहन तैयार होते थे और 3.40 लाख इंजन भी बनाए जाते थे। मरैमलाई चेन्नई हवाई अड्डे से महज 50 किलोमीटर और एन्नोर बंदरगाह से 74 किलोमीटर दूर है। चेन्नई से नजदीकी के अलावा यह कारखाना बेंगलूरु से भी बहुत दूर नहीं है। भारत से कारोबार समेटते समय फोर्ड को पिछले एक दशक में 2 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका था। उस समय ईकोस्पोर्ट और एंडेवर एसयूवी जैसे मॉडलों के साथ देश के यात्री वाहन बाजार में इसकी हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम थी।

कंपनी का गुजरात के साणंद में भी एक विनिर्माण संयंत्र था जिसका अधिग्रहण टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने कर लिया।

## जियो, एयरटेल बनेंगी एरिक्सन के वैश्विक उद्यम का हिस्सा

**रिलायंस** जियो और भारती एयरटेल नए वैश्विक उद्यम में शामिल हो गई हैं। उद्यम में वैश्विक स्तर की एक दर्जन सबसे बड़ी दूरसंचार परिचालक और दूरसंचार उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एरिक्सन शामिल हैं। यह उद्यम वैश्विक स्तर पर नेटवर्क ऐप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) का संयोजन और बिक्री करेगा। एरिक्सन ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह कदम ऐप विकास में आगे की राह खोलेगा। नवगठित कंपनी एपीआई के जरिये तैयार की गई ऐप को कहीं भी और किसी भी नेटवर्क पर काम करने की सुविधा देगी। नेटवर्क एपीआई ओपन इंटरफेस है जो डेवलपरों को उन्नत 5जी नेटवर्क क्षमताओं तक आसानी से पहुंचने की सुविधा देता है। *बीएस*

## बोइंग के कर्मचारियों ने हड़ताल के लिए किया मतदान

**एयरलाइन** बोइंग के कर्मचारियों (मशीनिस्ट) ने गुरुवार को हड़ताल पर जाने के पक्ष में मतदान किया। इस विशाल विमान विनिर्माता कंपनी की प्रतिष्ठा और वित्तीय स्थिति को नुकसान के बाद उसके लिए यह एक और झटका है और अब उसे अपने सर्वाधिक बिकने वाले एयरलाइन विमानों का उत्पादन बंद होने का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनैशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स ने कहा कि उसके सदस्यों ने एक अनुबंध को अस्वीकार कर दिया, जिसके तहत चार वर्षों में वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जानी थी। *भाषा*

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 501, सॉलकन ऑरम, जसोला जनपद केन्द्र, नई दिल्ली — 110025
**सीआईएन : यू65900डीएल2020पीएलसी366027**

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से प्राप्त किए गए स्वर्ण ऋण / ऋणानेक जो हैं वे बैंक द्वारा निर्गत व्यक्तिगत सूचनाओं सहित अनेक माँगों एवं सूचनाओं के बाद भी उनके द्वारा समायोजित नहीं किये गये हैं। समस्त ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे गये स्वर्णाभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है तथा तद्नुसार **25–09–2024** को अप. 03.00 बजे उन शाखा परिसरों में नीलामी की तिथि के रूप में निर्धारित किया गया है जहां से ऋण प्राप्त किया गया था / किये गये थे। ऋणकर्ताओं सहित समस्त सर्वसाधारण, खाताधारक और जनसाधारण नीलामी के नियमों एवं शर्तों के अनुसार इस नीलामी में प्रतिभागिता कर सकते हैं।

| शाखा | खाता संख्या | खाताधारक का नाम | पिता / पति–पत्नी का नाम | पता | खाता खोलने की तिथि | पेऑफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंदौर | 101042519978 | जीतेंद्र पवार | पुत्र त्रयंबक पवार | 293 दीन दयाल उपाध्याय नगर सीएम सेक्टर 2, सुखलिया इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 06/04/2024 | 84165.41 |
| इंदौर | 101042520007 | राघव गुर्जर | पुत्र राजा सिंह गुर्जर | मकान नं. 11, पुलिस लाइन, विजय नगर इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 19/04/2024 | 168243.52 |
| इंदौर | 101042520032 | मयंक जायसवाल | पुत्र दिलीप जायसवाल | 23 दिलीप सिंह कॉलोनी मरीमाता के पास, इंदौर मध्य प्रदेश 452006 | 30/04/2024 | 46262.30 |
| इंदौर | 101042520050 | सुमित एस तोमर | पुत्र रघुराज सिंह तोमर | उसेथ, उसेथ, मुरैना, फुलसाय का पुरा इंदौर मध्य प्रदेश 476111 | 09/05/2024 | 30378.52 |
| इंदौर | 101042520019 | अंजलि परिहार | पुत्री गोपाल सिंह परिहार | 417 जनता क्वार्टर इंदौर मध्य प्रदेश 452011 | 25/04/2024 | 200460.79 |
| इंदौर | 101042519814 | रिमझिम चतुर्वेदी | पुत्री हरिश्चंद्र चतुर्वेदी | श्री जी वेली ए–7 101 बिचौली मर्दाना इंदौर मध्य प्रदेश 452016 | 10/02/2024 | 199171.84 |
| इंदौर | 101042519825 | सोहेल खान | पुत्र यूसुफ खान | 51 इंदौर इंदौर मध्य प्रदेश 452002 | 12/02/2024 | 147365.66 |
| इंदौर | 101042520051 | तरूण गोठी | पुत्र अरुण गोठी | 401, मारुति अपार्टमेंट, 15–सी, प्रजापतपुरा मल्हारगंज इंदौर मध्य प्रदेश 452002 | 09/05/2024 | 208708.69 |
| इंदौर | 101042520059 | विजयलक्ष्मी | पुत्री गोपाल सिंह | 417, इंदौर, 417 जनता कॉलोनी इंदौर मध्य प्रदेश 452011 | 11/05/2024 | 74739.17 |

**नीलामी तिथि 25-09-2024 को अप. 03.00 बजे है**

बैंक के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिये नीलामी से किसी भी खाता को समाप्त करने अथवा नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# इटली की यू-बोट ने भारत में की हीलिऑस के साथ शुरुआत

**भारतीय** घड़ी बाजार में प्रीमियम श्रेणी के बढ़ते चलन के बीच टाइटन की कंपनी हीलिऑस ने शुक्रवार को देश में इटली की प्रीमियम घड़ी विनिर्माता यू-बोट के साथ साझेदारी का ऐलान किया। कंपनी भारतीय बाजार में इस इटैलियन ब्रांड के 41 मॉडल पेश करेगी, जिनकी कीमत 1.2 लाख रुपये से छह लाख रुपये के बीच होगी। ये घड़ियां दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु, हैदराबाद और कोलकाता जैसे प्रमुख महानगरों में 11 स्टोर पर उपलब्ध होंगी।

टाइटन कंपनी के उपाध्यक्ष और मुख्य बिक्री एवं विपणन अधिकारी (घड़ियां और वियरेबल्स) राहुल शुक्ल ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हमारा अनुमान है कि भारत का समूचा घड़ी बाजार करीब 18,000 करोड़ रुपये का है। भारत में शहरीकरण का काफी जोरदार रुझान है। अनुमान है कि मध्य और उच्च मध्य वर्ग की मौजूदा हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से बढ़कर साल 2030 तक सभी परिवारों की 50 प्रतिशत हो जाएगी, जो बड़े अवसरों की ओर इशारा करता है। खास तौर पर प्रीमियम और सुलभ लक्जरी श्रेणी में।' फैशन और सेमी लक्जरी श्रेणी में 45 ब्रांड वाले पोर्टफोलियो के साथ हीलिऑस ने पिछले साल 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। *बीएस*

# स्पाइसजेट की घरेलू बाजार हिस्सेदारी घटकर 2.3 फीसदी रह गई

**पिछली** कई तिमाहियों से नकदी किल्लत का सामना कर रही विमानन कंपनी स्पाइसजेट की अगस्त में घरेलू बाजार हिस्सेदारी घटकर महज 2.3 फीसदी रह गई है। शुक्रवार को जारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल जनवरी में विमानन कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 7.3 फीसदी थी।

अगस्त में स्पाइसजेट से 3.02 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी है जो एक साल पहले के मुकाबले 44.2 फीसदी की गिरावट है। कुल मिलाकर सभी भारतीय विमानन कंपनियों से 1.31 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की है जो एक साल पहले के मुकाबले 5.7 फीसदी की वृद्धि है। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो की पिछले महीने घरेलू बाजार में 62.4 फीसदी हिस्सेदारी रही।

संकलनः दीपक पटेल

**स्पाइसजेट खो रही आधार**

| माह | बाजार हिस्सेदारी स्पाइसजेट | बाजार हिस्सेदारी अकासा |
|---|---|---|
| अगस्त-23 | 4.4 | 4.2 |
| सितंबर-23 | 4.4 | 4.2 |
| अक्टूबर-23 | 5.0 | 4.2 |
| नवंबर-23 | 6.2 | 4.2 |
| दिसंबर-23 | 5.6 | 4.4 |
| जनवरी-24 | 5.6 | 4.5 |
| फरवरी-24 | 5.2 | 4.5 |
| मार्च-24 | 5.3 | 4.4 |
| अप्रैल-24 | 4.7 | 4.4 |
| मई-24 | 4.0 | 4.8 |
| जून-24 | 3.8 | 4.8 |
| जुलाई-24 | 3.1 | 4.7 |
| अगस्त-24 | 2.3 | 4.5 |

स्रोतः नागर विमानन महानिदेशालय नोटःबाजार हिस्सेदारी फीसदी में

**भोपाल संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं